# शिव पंचाक्षर यन्त्र

शिव पंचाक्षर यन्त्र एक पवित्र ज्यामितीय आकृति है जो भगवान शिव की शक्ति का मूर्तरूप है। इस यन्त्र पर ध्यान केन्द्रित करने से मन शान्त होता है और साधक का बोध अन्दर, आत्मा की ओर आकृष्ट होता है। इस यन्त्र पर ध्यान करने से आप भगवान शिव के निराकार स्वरूप व सर्वव्यापक आनन्द की अनुभूति कर सकते हैं।

जब आप अपने अवधान को इस छवि पर स्थिर करें तो आपका मन इस यन्त्र के जिस भी भाग की ओर स्वाभाविक रूप से खिंच जाए, उस पर उसे केन्द्रित होने दें। मन्त्र 'ॐ नमः शिवाय' का स्पन्दन सम्पूर्ण यन्त्र में दिखता व महसूस होता है। इस यन्त्र पर ध्यान करते हुए, यदि आपको ऐसा लगे कि आपका केन्द्रण भटक रहा है, तो कोई बात नहीं। भगवान शिव की स्तुति में उन्हें 'करुणामय' कहा जाता है और जो भी निष्ठा के साथ प्रयत्न करता है, उन सभी पर वे अपनी प्रसन्न कृपादृष्टि डालते हैं।

© २०२३ एस. वाय. डी. ए. फ़ाउन्डेशन®। सर्वाधिकार सुरक्षित।